## खबर संक्षेप



### लाखों की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऐलनाबाद कस्बे से दो नशा तस्करों से लाखों रुपये की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस गांव दया सिंह थैहड़ के नजदीक पंहची तो गांव में एक घर के सामने युवक को काबू कर लिया। कब्जे से 15 ग्राम 40 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुइ। एक अन्य मामले में पुलिस ने एक युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से पांच ग्राम नौ सौ मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### एडवांस लोन के नाम पर ठगी का आरोप

**गुरुग्राम।** ओयो की मूल कंपनी, प्रिज़्म ने अपने होटल पार्टनर मेसर्स वेदिका हॉस्पिटैलिटी पर धोखाधड़ी, अनुबंध के उल्लंघन और लोन न चुकाने का आरोप लगाया है। ओयो ने इसके कानूनी कार्रवाई करते हुए बकाया वसूली और मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। दरअसल, मामला 15 जनवरी, 2024 को दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते से जुड़ा है। जिसमें ओयो ने 12 किस्तों में लौटाने के तहत 74 लाख रुपए का बिजनेस एडवांस लोन दिया था।

### क्लीनिक से मिले 357 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र

**नूंह।** स्वास्थ्य विभाग एवं सीएम फ्लाइंग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान आजाद नगर पिनगवां में स्थित मल्टी स्पेशलिटी शान अस्पताल के संचालक डॉक्टर समीम को गिरफ्तार कर लिया गया है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ मनप्रीत ने बताया कि इसी सप्ताह उन्होंने फिरोजपुर झिरका स्थित ममता अस्पताल पर छापेमारी की वहां 357 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का रिकॉर्ड मिला था।

## पुलिस ने ली राहत की सांस : शंभू बॉर्डर पर डटे कौमी इंसाफ मोर्चा का धरना खत्म

# सरकार से वार्ता में बनी सहमति दिल्ली कूच का फैसला भी टला

### अमृतसर-दिल्ली एनएच पर बिगड़ी यातायात व्यवस्था रूट डायवर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शंभू बॉर्डर पर चल रहा कौमी इंसाफ मोर्चा का धरना शुक्रवार को समाप्त हो गया । कमेटी के सदस्यों ने इसका ऐलान किया है। कमेटी व सरकार के बीच सहमति होने पर धरना समाप्त करने का ऐलान किया गया है। कौमी इंसाफ मोर्चा से जुड़े गुरशरण सिंह ने बताया कि हमारी केंद्र सरकार से आए डायरेक्टर के साथ बैठक हो गई है। हमने अपना ज्ञापन उन्हें सौंप दिया है। उनकी तरफ से यह आश्वासन दिया गया है कि वह दिल्ली जाकर विभाग के मंत्री तक उनकी बात पहुंचा देंगे।



अंबाला। शंभू बॉर्डर पर डटे कौमी इंसाफ मोर्चा से जुड़े लोग। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने की थी बेरिकेडिंग

कौमी इंसाफ मोर्चा संगठन के आह्वान के दौरान पंजाब के राजपुरा से अंबाला आने वाले राजमार्ग एनएच- 44 पर यातायात का आवागमन पूरी तरह से बंद किया गया था। किसान आंदोलन की तर्ज पर घग्गर नदी के पुल पर दोनों तरफ अंबाला पुलिस ने वेरिकेडिंग की गई थी। इसी प्रकार अंबाला में जग्गी सिटी सेंटर पर दिल्ली अमृतसर राजमार्ग के यातायात को चंडीगढ़ की तरफ डायवर्ट किया गया था। हालांकि यहां अचानक से वाहनों का बोझ बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई थी।

### सिख बंदियों की रिहाई के लिए धरना

जल्द ही इसका हल निकाल दिया जाएगा। असल में सिख बंदियों की रिहाई के लिए कौमी इंसाफ मोर्चा पंजाब और विभिन्न किसान यूनियन आज शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए कूच के लिए जुटे थे। दोपहर तक बड़ी संख्या में कौमी इंसाफ मोर्चा और किसान यूनियन से जुड़े लोग बॉर्डर पर पहुंच गए थे। किसान यूनियन के नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया था कि कौमी इंसाफ मोर्चा ने दिल्ली तक मार्च करना है। किसान संगठनों ने इस मार्च को समर्थन देने का फैसला किया है। क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष डॉ. दर्शन पाल सिंह ने बताया कि हमारी तीन मांगे हैं, जिनमें सिख बंदियों की रिहाई, धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी पर सख्त कानून बने और तीसरा सोनम वांगचुक जैसे राजनैतिक बंदियों की तुरंत रिहाई हो।

### शंभू बॉर्डर के आसपास सुरक्षा कड़ी

उधर कौमी इंसाफ मोर्चा के मार्च को देखते हुए पुलिस की ओर से यातायात को डायवर्ट किया गया था। लुधियाना की तरफ से अंबाला जाने वाले वाहनों को राजपुरा से बनूड़, जीरकपुर, डेराबस्सी से होते हुए अंबाला की डायर्वट किया गया था। अंबाला से लुधियाना की तरफ आने वाले वाहनों ने भी यही रूट अपनाया। शंभू बॉर्डर के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा के लिहाज से यहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

## पटाखे से झुलसीं करनाल की मेयर, हाथ पर गिरा साड़ी भी जली, बिहार में जीत का मना रहे थे जश्न



**करनाल।** बिहार में भाजपा की जीत के बाद करनाल में मनाए जा रहे जश्न के दौरान मेयर रेणु बाला गुप्ता पटाखे की चिंगारी लगने से मामूली रूप से झुलस गईं। घटना उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी में पटाखे जलाए और मेयर गुप्ता मीडिया से बातचीत कर रही थीं। अचानक एक पटाखा फटा और उसकी चिंगारी उनके हाथ और पेट पर गिरी, जिससे उनकी साड़ी का हिस्सा भी जल गया। पास खड़े भाजपा नेता तुरंत पास की दुकान से टूथपेस्ट लाए और मेयर ने उसे प्रभावित हिस्से पर लगाया। इसके बाद वे अपने घर चली गईं। मेयर ऑफिस कोऑर्डिनेटर अमन ने बताया कि मेयर को कोई गंभीर चोट नहीं आई है और उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। अमन ने कहा कि घटना से कुछ देर माहौल गंभीर हो गया था, लेकिन मेयर के ठीक होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोबारा जश्न मनाना शुरू कर दिया।

### महागठबंधन ने कभी भी विकास की बात नहीं की

जश्न के दौरान मेयर रेणु बाला ने कहा कि बिहार में महागठबंधन ने विकास की जगह आरोपों की राजनीति की। कभी वोट चोरी कह दिया, कभी पैसे के इस्तेमाल का आरोप लगाया, लेकिन जनता ने आत्मविश्वास के साथ भाजपा को बड़ी जीत देकर सब कुछ साबित कर दिया।

## हत्या करने वाले को उम्रकैद तथा 1 लाख 5 हजार रुपये का जुर्माना

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने प्लाट विवाद में व्यक्ति की हत्या करने जुर्म में दोषी को उम्र कैद तथा एक लाख पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सतबीर ने तीन मई 2016 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनका उचाना के जींद रोड पर प्लाट है। जिस पर गांव छात्तर निवासी दशहरा तथा उसके सहयोगियों ने कब्जा करने की नियत से उन पर हमला कर दिया। जिसमें उसे तथा परिवार के दलबीर को काफी चोटें आई। जिसमें दलबीर की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने सतबीर की शिकायत पर दशहरा के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। शुक्रवार को अदालत ने दशहरा को हत्या तथा हमला करने के जुर्म में उम्र कैद तथा एक लाख पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।



प्लाट विवाद में 3 मई 2016 को वारदात को अंजाम दिया था

## फिजिकल वेरिफिकेशन में राइस मिलों में कम मिला 42 करोड़ रुपये का धान

**यमुनानगर।** जिले के प्रतापनगर क्षेत्र स्थित राइस मिलों में फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान करीब 42 करोड़ रुपये का धान कम मिला है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अरोपी दंपत्ति राइस मिल संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले प्रताप नगर के निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा प्रताप नगर स्थित अंजनी नंदन एग्रो फूड्स, मैसेज बद्री विशाल एग्रो फूड्स, मोरवी नंदन एग्रो फूड्स और श्री जी एग्रो फूड्स में सरकारी धान की सप्लाई की गई थी। फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान राइस मिलों में 17464.59 मीट्रिक टन धान कम मिला। जिसकी कुल कीमत लगभग 42 करोड़ रुपये है। जांच में सामने आया कि चारों राइस मिलों में गांव मांडखेड़ी रोड छछरौली निवासी संदीप कुमार और उसकी पत्नी रितिका सिंगला पार्टनर है। मगर वह सही जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**राइस मिल संचालकों के खिलाफ केस दर्ज**

## बलियाना में बाप-बेटे की हत्या मामला

# मुठभेड़ के बाद दोहरे हत्या कांड के तीन आरोपी धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बलियाना गांव में हुए बहुचर्चित बाप-बेटे की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना के छह दिन बाद पुलिस और सीआईए-1 टीम ने शुक्रवार तड़के आईएमटी क्षेत्र में फिल्मी अंदाज में हुई मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी संजय और उसके दो साथियों वीरेंद्र तथा रोहित को काबू कर लिया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि तीनों आरोपी सुबह करीब पांच बजे आईएमटी एरिया में घूम रहे हैं। टीम जैसे ही उन्हें पकड़ने पहुंची, आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मुख्य आरोपी संजय के पैर में गोली लगी, जबकि उसके दोनों साथी भागने की कोशिश में घायल हो गए। तीनों को काबू करके पीजीआई में भर्ती कराया गया है। एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि आरोपी एक और युवक की हत्या करने की फिराक में थे। ठीक होते ही उनसे पूछताछ की जाएगी। 7 नवंबर को गांव बलियाना में धर्मबीर और उसके बेटे दीपक की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात दो जगहों पर हुई थी, पहले दीपक को चौकीदार सूरजभान के घर में गोली मारी गई, फिर हमलावर धर्मबीर के घर पहुंचे और उन्हें आंगन में मार गिराया।

## साइबर फ्रॉड जांच में बैंक ने नहीं किया सहयोग

# एसबीआई भूना के प्रबंधक व नोडल अधिकारी पर पुलिस की कार्रवाई

### एसबीआई भूना से जुड़े 54 संदिग्ध खातों में हुई थी करीब 8 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे साइबर फ्रॉड मामलों के बीच फतेहाबाद पुलिस ने बैंक असहयोग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि साइबर अपराध जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बाधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे ही एक मामले में बैंक द्वारा पुलिस जांच में सहयोग न करने पर एसबीआई के एक अधिकारी पर कार्रवाई की गई है। फतेहाबाद में साइबर अपराध से जुड़े एक बड़े मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, भूना शाखा से जुड़े 54 संदिग्ध खातों के माध्यम से 208 ट्रांजेक्शन कर लगभग 8 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। मामले की जांच के दौरान शाखा को कई बार बीएनएसएस धारा 94 के तहत नोटिस जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए और न ही किसी प्रकार का सहयोग दिया गया। निरंतर असहयोग और जांच में बाधा उत्पन्न करने के आधार पर शाखा के मुख्य प्रबंधक विरेंद्र यादव तथा नोडल अधिकारी सुखबिन्द्र सिंह के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर अदालत में दी गई।

### पुलिस को मदद न करना अपराध: एसपी



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट करते हुए कहा कि बीएनएस धारा 210 के अनुसार पुलिस की वैधानिक मांग पर दस्तावेज, जानकारी या तकनीकी सहायता उपलब्ध न कराना एक दंडनीय अपराध है, जिसके तहत गिरफ्तारी, अभियोजन और न्यायालयीन दंड का प्रावधान है। बैंक असहयोग न केवल कानून के विरुद्ध है बल्कि साइबर अपराधियों को अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण देने के समान भी है।






